## ST. MONTFORT SENIOR SECONDARY SCHOOL, BHOPAL

## Seminar on Safe Use of Internet Gadgets and Media

"Technology is a useful servant but a dangerous master."

Christian Louis Lange

St. Montfort Senior Secondary School, Bhopal has organized a seminar under School Health and Wellness Program, an initiative of CBSE on the topic '**Safe Use of Internet Gadgets and Media**' on 9th August 2024 witnessed by the school Principal Rev. Bro. Monachan K.K., coordinators and the teachers.

The seminar was initiated by the School Counsellor Ms. Shraddha Balwani. An introduction upon the usage of internet gadgets and media headed by Senior Computer teacher Ms. Gargee Chattopadhyay. The program was aimed to educate students about the risk associated with Internet Gadgets and Media and to provide practical guidance on how to use them safely.

By giving an account of many fraud cases students were guided by the resource person as how people can protect themselves against cyber scams. Students were made aware with essential safety tips when they are online to avoid all these dangers. The resource person brought in light the use of 'VPN- Virtual Private Network' for using a secure internet connection.

An informative and useful guideline was given by Ms. Gargee for using strong passwords that are harder for cybercriminals to crack. She also suggested to keep software updated and one should check if the websites look reliable before you proceed and not to share passwords with others.

Entire session was full of an instructional and useful measures to reduce cyberattack. Students got a better platform to understand the safety measures to use internet gadgets. The meaningful and instructive seminar was concluded by the vote of thanks by Bhuvneshwari Sahu.

Vidhya Sonwane

# कक्षा 11वीं के लिए इंटरनेट और गैजेट संबंधी जागरूकता कार्यक्रम

9 अगस्त 2024 . सेन्ट मोंटफोर्ट स्कूल पटेल नगर । इंटरनेट मीडिया आज समाज का अभिन्न हिस्सा बन गया है। लेकिन यदि इसका संभलकर उपयोग नहीं किया गया तो यह हमें बर्बाद भी कर देगा। यदि हम जागरूक रहकर इसका उपयोग करते हैं तो यह हमें बेहतर भविष्य उपलब्ध करा सकता है। इसी उद्देश्य के लिए विद्यार्थियों के लिए इंटरनेट मीडिया का प्रयोग में जागरूकता लाने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के. श्रीमती श्रद्धा बलवानी,कोऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति नायर ,श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, कक्षा 11वीं की अध्यापक–अध्यापिकाएँ उपस्थित थीं। संबंधित जानकारी आई टी विभागाध्यक्ष मिस गार्गी चट्टोपाध्याय द्वारा दी गई । उन्होंने कक्षा 11 वीं के छात्रों को सोशल नेटवर्किंग साइट्स इंटरनेट का सही प्रयोग संबंधी जागरूकता आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

यह संपूर्ण जानकारी उन्होंने वर्तमान में होने वाले उदाहरणों के माध्यम से बताई उन्होंने कहा कि आज सोशल नेटवर्किंग साइट्स इंटरनेट का एक अभिन्न अंग है जो दुनिया में एक अरब से अधिक लोगों द्वारा उपयोग किया जा रहा है। यह एक आनलाईन मंच है जो यूजर्स को एक सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने एवं वेबसाइट पर मौजूद अन्य लोगो के साथ संपर्क करने की अनुमति देता है। प्रोफाइल का उपयोग अपने विचारों को साझा करने, पहचान के लोगों या अजनबियों से बात करने में किया जाता है। उदाहरण के रूप में वाट्सअप, फेसबुक, ट्विटर आदि वेबसाइट इस तरह की सुविधाएं प्रदान करती हैं जहां लोग अपने विषय, अपने विचार लोगों से सांझा करते हैं।

दुनिया भर में अधिकांश लोग रोजमर्रा की सूचनाएँ इंटरनेट मीडिया के माध्यम से ही प्राप्त करते हैं। लेकिन इसका आवश्यकता से अधिक प्रयोग हमारे मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। यह हमें डिप्रेशन की ओर ले जा सकता है। इंटरनेट मीडिया पर अपनी भावनाओं और विचारों का प्रदर्शन या खुद से संबंधित व्यक्तिगत सूचनाएं शेयर कर देते हैं जो आगे जाकर तकलीफ का कारण बनती हैं। हमें अपने जीवन से संबंधित हर घटनाक्रम को बेवजह इंटरनेट मीडिया पर साझा नहीं करना चाहिए। ऐसे विचार जो हमारे व्यक्तिगत हों लेकिन दूसरों को आहत करें या सामाजिक द्वेष को बढ़ाएं, इंटरनेट मीडिया या किसी भी प्लेटफार्म पर साझा न करें। अपने निजी जीवन से जुड़ी समस्याओं को इस आभासी मंच पर शेयर करने से बचें। कई बार हम उत्साहित होकर अपनी वो सूचनाएँ साझा कर देते हैं जो हमारी सुरक्षा से जुड़ी होती हैं, जैसे सपरिवार किसी आयोजन में शहर से बाहर जाना आदि।

इंटरनेट मीडिया दुनिया भर के लोगों से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण साधन है और उन लोगों की आवाज बन सकता है जो समाज की मुख्य धारा से अलग हैं। इंटरनेट मीडिया पर हमें वो ही विचार और भावनाएं साझा करनी चाहिए जिसमें सकारात्मकता, प्रेरक और ज्ञानवर्धक हो।

आपको यह समझना होगा कि जब भी किसी वेबसाइट पर जाएं तो वो सुरक्षित और वेरिफाइड हो। खासतौर से बैंकिंग पोर्टल या जिन पर निजी डाटा शेयर किया जाता है, उनका तो आपको खास ध्यान रखना होगा। इसके लिए यू आर एल चेक करें। आपको https:// वाली वेबसाइट पर ही जाना चाहिए क्योंकि इसे ही सबसे सेफ माना जाता है। स्ट्रॉन्ग पासवर्ड,पॉप–अप को करें इग्नोर,निजी जानकारी शेयर न करें,ब्राउजर को अपडेटेड रखें,फाइल डाउनलोड करते समय ध्यान रखें,वीपीएन और पब्लिक वाई–फाई,आदि बातों का खास ख्याल रखना होगा। इससे आपकी जानकारी लीक भी नहीं होगी और डिटेल्स भी सुरक्षित रहेंगी सेमिनार में यह भी बताया गया कि अटैकर ऐसे वेबसाइट लिंक्स पर क्लिक करवा सकते हैं और इस तरह मालिशियस सॉफ्टवेयर के साथ डिवाइस की सुरक्षा को बायपास कर सकते हैं। इससे डिवाइस का डाटा चोरी होने का डर बना रहेगा। इसके लिए समय–समय पर नया अपडेट इंस्टॉल करने की सलाह दी गई । छात्रों ने पूर्णतयाः अनुशासन बध होकर संबंधित जानकारी को समझा ।

द्वारा संगीता हसीजा